आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 30.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में वैश्विक कपड़ा अपशिष्ट संकट और वर्षा जल संग्रहण सहित कई विषयों पर चर्चा की।
- समूचे प्रदेश में राजस्थान दिवस और विभिन्न त्यौहारों का उल्लास–राजधानी जयपुर में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन।
- राज्य में आज से सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा की शुरूआत हुई।
- प्रदेश में कई स्थानों पर उत्तरी हवाओं के असर से सुबह–शाम मामूली ठंड का अहसास।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए चिंता की वजह बन गयी है। उन्होंने कहा कि कई भारतीय स्टार्टअप्स इस चुनौती से निपटने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आज आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम मन की बात में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ये स्टार्टअप्स टेक्सटाइल वेस्ट को रिसाइकिल कर कई तरह के उपयोगी उत्पाद बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बारिश के पानी को संग्रहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जल संरक्षण, जल संचयन अभियान से जुड़ना चाहिए, जिससे प्राकृतिक संसाधनों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान नए कौशल विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने माय भारत कैलेण्डर की चर्चा करते हुए विभिन्न गतिविधियों का हिस्सा बनने की बात कही।

............

प्रधानमंत्री ने हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया पैरागेम्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि पैरा स्पोट्‌र्स लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब स्वदेशी खेल भी लोकप्रिय हो रहे है। श्री मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की उल्टी गिनती भी शुरू हो चुकी है। योग दिवस का अब 100 दिन से भी कम समय रह गया है। उन्होंने लोगों से योग को अपने जीवन में शामिल करने का आग्रह किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि गरीब लोगों को सर्वोत्तम इलाज उपलब्ध कराना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत करोड़ों लोग मुफ्त इलाज की सुविधा ले रहे हैं। श्री मोदी ने आज महाराष्ट्र में नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखते हुए कहा कि जन औषधि केन्द्रों पर गरीबों और मध्य वर्ग के लोगों को सस्ती दवाएं मिल रही है। हजारों जन औषधि केन्द्र देश के गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ती दवाई दे रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता देशभर में निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं।

000

राजस्थान आज अपना 76वां स्थापना दिवस मना रहा है। प्रदेशभर में इस खास मौके पर विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने की घोषणा के बाद 25 मार्च से राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव की शुरूआत हुई। इस दौरान राज्य सरकार ने राजधानी जयपुर सहित विभिन्न शहरों में राज्य स्तरीय कार्यक्रम रखे। इनके माध्यम से महिलाओं, किसानों, युवाओं और वंचित वर्ग को विभिन्न योजनाओं की सौगात दी गई। राजधानी जयपुर में आज राज्य स्तरीय सांस्कृतिक संध्या अल्बर्ट हॉल पर रखी गई है। और ब्यौरा समाचार कक्ष से –

............

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थानवासियों को स्थापना दिवस की शुभाकामनाएं देते हुए प्रदेश की गौरवशाली परम्पराओं, आतिथ्य सत्कार और विविधता का उल्लेख किया है। प्रधानमंत्री ने राजस्थानियों की उद्यमशीलता की सराहना की है।

000

हिंदू नववर्ष आज से शुरू हो गया है। इसे नवसंवत्सर भी कहा जाता है। यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होता है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये त्योहार हमारी सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत में अलग–अलग नाम के ये पर्व पारंपरिक

नववर्ष की शुरुआत हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि अलग–अलग पर्व और त्यौहारों को लेकर देश में उत्साह का माहौल है। ये हमारी विविधता में एकता का सशक्त प्रतीक है। आज से ही चैत्र नवरात्रि की भी शुरूआत हुई है और भगवान झूलेलाल की जंयती चेटीचंड पर्व मनाया जा रहा है। इसे लेकर प्रदेश में भी श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का संगम देखने को मिल रहा है। मंदिरों और विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा है।

...............

अलवर के बाला किला करणी माता मंदिर में आज से मेला शुरू हुआ। वहीं पाली के नाडोल में आशापुरा माता मंदिर में भक्तों की भीड़ नजर आ रही है। उधर, बालोतरा के नागड़ेचा और भटियाणी मंदिर तथा जैसलमेर के तनोट माता मंदिर में भी दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोगों को तिलक लगाकर नववर्ष और चेटीचंड की शुभकामानाएं दीं। हनुमानगढ में झूलेलाल मंदिर में श्रद्धालुओं की कतारें देखी जा रही हैं। इस मौके पर लंगर भी लगाया गया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ईद–उल–फित्र के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। चांद दिखने पर ईद का त्यौहार कल मनाया जाएगा। ईदगाह और विभिन्न मस्जिदों में ईद की सामूहिक नमाज अदा की जाएगी।

लोकपर्व गणगौर कल मनाया जाएगा। होली से शुरू हुआ ईसर गणगौर के पूजन का सिलसिला सम्पन्न होगा। पूजा के बाद तालाब, सरोवरों और बावड़ियों में मंगल गीतों के साथ गणगौर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इससे पहले आज सिंजारा मनाया जा रहा है। इस मौके पर विवाहिताओं को मेंहदी, श्रृंगार का सामान, वस्त्र, मिठाई और अन्य उपहार दिये जाते हैं। सुख और सौभाग्य से जुड़े इस लोकपर्व पर राजधानी जयपुर में दो दिन तक शाही लवाज़मे के साथ गणगौर की सवारी निकाली जाएगी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि राजस्थान भक्ति, शक्ति और वास्तुशिल्प कला का अद्भुत प्रदेश है। श्री बागडे आज पाली जिले के रणकपुर पहुंचे। उन्होंने तीर्थंकर आदिनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी के मंगल की कामना की। राज्यपाल ने रणकपुर के भव्य जैन मंदिरों की नक्काशी और शिल्प सौंदर्य की सराहना करते हुए इन्हें कला का अनूठा नूमना बताया।

000

प्रदेश में आज से सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा की शुरूआत हुई। श्रीगंगानगर में राजकीय पोलीटेक्निक कॉलेज से यात्रा का शुभारंभ हुआ। सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से सड़कों के समुचित रख रखाव में जनभागीदारी बढाने के लिए ये पहल की गई है। ये यात्रा आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होकर विभिन्न जिलों में होती हुई मई महीने में बुध पूर्णिमा पर पूरी होगी। सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा को सगुनी के नाम से जाना जाएगा। यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा प्रति जागरुकता भी फैलाई जाएगी।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर उत्तरी हवाओं के असर से सुबह–शाम मामूली ठंड का अहसास बना हुआ है। कई शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया। वहीं दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस और सीकर के फतेहपुर में 7 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। पाली, करौली, बारां, चूरू, भीलवाडा और टोंक में भी रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। जयपुर, दौसा, अजमेर, जोधपुर और नागौर सहित कई जिलों में दिनभर ठंडी हवाएं चलीं।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में एक अप्रेल तक उत्तरी हवाओं का असर रहेगा और तापमान सामान्य से कम रहेगा। वहीं दो अप्रेल से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ स्थानों पर मौसम में बदलाव के आसार हैं। उदयपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। विभाग ने आठ जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट जारी किया है।

000